## दिनांक 14.03.2022 को जिलाधिकारी महोदय महोबा की अध्यक्षता में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 14.03.2022 को जिलाधिकारी महोदय महोबा की अध्यक्षता में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) महोबा।
2. श्री संदेश तोमर, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
3. श्री मोहित वर्मा, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर।
4. श्री मनोज कुमार, अधिशासी अभियन्ता चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान महोबा।
5. श्री राहुल दिवाकर, अधिशासी अभियंन्ता जल निगम नगरीय (वि0/यां0) बांदा।
6. श्री रामरतन, जूनियर इंजीनियर निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर।
7. श्री नीरज करपात्री, जूनियर इंजीनियर निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर।
8. श्री कमलेश बाजपेयी,जूनियर इंजीनियर निर्माण खण्ड (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
9. श्री मनोज राजपूत, जूनियर इंजीनियर निर्माण खण्ड (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
10. श्री चंदन कुमार, जूनियर इंजीनियर चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान महोबा।
11. श्री चन्द्रपाल प्रतिनिधि ब्रिज-बैंको-गुप्ता (जेवी) प्रमोद नगर कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर, (जिनके द्वारा जनपद महोबा के समस्त शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति से सम्बन्धित निर्माण कार्य देखें जा रहे हैं), द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत आधारित पूर्व निर्मित पेयजल योजनायें जिससे महोबा नगर में पेयजल आपूर्ति की जाती है का 10 वर्षीय अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य मे0 ब्रिज-बैंको-गुप्ता (जेवी) प्रमोद नगर कानपुर द्वारा किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही फर्म द्वारा जल निगम (नगरीय) एवं नगर पालिका की देख-रेख में सुनिश्चित किया जाये। कार्य में किसी प्रकार कि शिथिलता होने पर फर्म के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि महोबा नगर में पेयजल सम्बन्धी शिकायतों को प्राप्त करने एवं उनके स-समय से निस्तारण हेतु फर्म के कार्यालय में एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। नगरवासियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के 8400120555 एवं 8400127444 नम्बर पर सम्पर्क किया जाता है। प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं निस्तारण सम्बन्धी टिप्पणी शिकायत रजिस्टर पर अंकित भी की जाती है। सम्बन्धित शिकायत रजिस्टर अवलोकन हेतु बैठक में उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि पेयजल शिकायत कन्ट्रोल रूम की स्थापना नगर पालिका कार्यालय महोबा अथवा तहसील महोबा में की जाये जिसमें संयुक्त रूप से जिम्मेदार सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि एवं जल निगम(नगरीय) का स्टाफ उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त मोबाइल नम्बर के साथ-साथ एक लैण्डलाइन कनेक्शन फर्म द्वारा शीघ्र लिया जाये एवं ई-मेल आई0डी0 मोबाइल नम्बर

और लैण्डलाइन नम्बर पर पेयजल सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन शीघ्र करा दिया जाये।

अधिशासी अभियन्ता चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में कुछ स्थानों पर पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। व्यवस्था हेतु 12 नग टैंकर एवं 1 नग ट्रैक्टर जल संस्थान कार्यालय में उपलब्ध है। जिसे आवश्यकतानुरूप विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से उपयोग में लाया जाता है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त टैंकर पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिका को हस्तान्तरित कर दिये जायें एवं उनका संचालन नगर पालिका द्वारा स्वयं अपने संसाधनों से सुनिश्चित किया जाये।

परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के नगरीय क्षेत्र में निर्मित मा0 काशीराम आवासीय कालोनी में पेयजल व्यवस्था हेतु निर्मित नलकूप एवं पेयजल नलकूप संचालन हेतु कोई अनुरक्षण मद में धनराशि उपलब्ध न होने के कारण कुशलतापूर्वक संचालन सम्भव नहीं हो पा रहा है और न ही कॉलोनी में रह रहे परिवारों द्वारा कोई पेयजल शुल्क जमा किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि इस कार्य में नगर पालिका/नगर पंचायत का सहयोग लिया जाये। परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) बांदा सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत से सम्पर्क कर जल मूल्य वसूली एवं पेयजल उपलब्धता हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही उनके सहयोग से सुनिश्चित करायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में पूर्व में पड़ी पाइप लाइन जो चोक, खराब, नाली के ऊपर से जा रही हो अथवा पाइप लाईन नहीं है का सर्वेक्षण कराते हुये उनकी पुर्नस्थापना/नयी पाइप लाइन सम्बन्धित प्राक्कलन अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर के कार्यालय द्वारा शीघ्र धनावटंन हेतु नगर पालिका महोबा को उपलब्ध कराया जाये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पड़ी पाइप लाइन में कुल 9000 नग निःशुल्क गृह संयोजन प्रदान किये जाने है। वर्तमान में आजतक 750 नग गृह संयोजन किये गये हैं। इस सम्बन्ध में पाइप लाइन एवं पेयजल कनेक्शन की समीक्षा एवं आकलन वार्डवार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उपजिलाधिकारी महोबा, कुलपहाड़ एवं चरखारी, नगर पालिका/नगर पंचायत जनपद महोबा के वार्ड सदस्यों व अधिशासी अधिकारियों के साथ पेयजल के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर लें, इसमें वार्डवार यह सर्वे कर लिया जाए कि वार्ड में कितने

घर ऐसे हैं जिसमें पानी की आपूर्ति नही हो पा रही है। किन–किन क्षेत्रों में पाइप लाइन नही है तथा किन किन स्थानों पर पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है, यह भी देख लिया जाए कि कहां–कहां पर पाइपलाइन चोक, खराब या टूटी हुयी है। उक्त के सम्बन्ध मे प्राक्कलन तैयार कर अग्रिम कार्यवाही शीघ्र की जाए। नगर क्षेत्र के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु बूस्टर पम्प सम्बन्धी प्रस्ताव एवं प्राक्कलन बनाने के निर्देश परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) बांदा को दिये गये एवं शीघ्र अनुपालन की अपेक्षा की गयी। जनपद के अन्य नगरीय क्षेत्रों में नये नलकूप निर्माणो की सम्भावना को देखते हुये प्राक्कलन उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये।

22/03/22

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

पत्रांक: 181/एसटी–ज0नि0–अर्बन/2022 दिनांक: 22मार्च,2022

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. प्रभारी अधिकारी (स्थानीय निकाय)/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. उपजिलाधिकारी, महोबा, चरखारी एवं कुलपहाड।
4. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) महोबा। (द्वारा ई–मेल)
5. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) हमीरपुर। (द्वारा ई–मेल)
6. परियोजना प्रबंधक, जल निगम नगरीय (वि0/यां0) बांदा। (द्वारा ई–मेल)
7. अधिशासी अभियन्ता चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान महोबा।
8. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद महोबा, चरखारी।
9. अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, कुलपहाड़/कबरई/खरेला।
10. श्री चन्द्रपाल प्रतिनिधि ब्रिज–बैंको–गुप्ता (जेवी) प्रमोद नगर कानपुर।

22/03/22

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा